विशेष बच्चों को मुकुल माधव फाउंडेशन ने बांटी टी-शर्ट

श्रीगंगानगर @ फाइटर. नवचेतना बहुदिव्यांग संस्थान में डेफ ब्लाइंड प्रोजेक्ट के तहत सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया।

संस्थापक व कोषाध्यक्ष ओम बवेजा ने बताया कि इस कार्यक्रम में नवचेतना सोसायटी में संचालित सेन्स इंटरनेशनल इंडिया के डेफ ब्लाइंड प्रोजेक्ट 'स्पर्श डेफ ब्लाइंड रिसोर्स सेंटर' की फंडिंग एजेंसी मुकुल माधव फाउंडेशन द्वारा सभी बधिरान्ध व बहुदिव्यांग बच्चों को टी-शर्ट का वितरण किया गया।

संस्थान के बच्चों को यह उपहार मुकुल माधव फाउंडेशन के प्रतिनिधि चंद्रशेखर द्वारा प्रदान किया गया। इस मौके पर संस्थान के नियमित दानदाता इंजी. विश्वबन्धु गुप्ता द्वारा बहुदिव्यांग बच्चों की सुविधा के लिए दो व्हीलचेयर सहयोग स्वरूप भेंट की गई।